# जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण

**DISTRICT HEALTH SOCIETY, EAST CHAMPARAN**

सदर अस्पताल, परिसर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी – 845401

Telephone No. - 06252-240650, Email.- dhschamparane@gmail.com


पत्रांक 789/DHS — दिनांक 30-7-22

Upload

प्रेषकः– सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति,
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

प्रेषित,

उपाधीक्षक/प्रभारी अस्पताल प्रबंधक
सदर अस्पताल मोतिहारी।

**विषयः–गुणवत्ता सुधार के संबंध में।**

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि दिनांक 28.07.2022 को डा०मेनका कुमारी, जिला सलाहकार QA जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण द्वारा सदर अस्पताल, मोतिहारी के प्रसव कक्ष में गुणवत्ता संबंधित निरीक्षण किया गया निरीक्षण उपरान्त निम्न कमियाँ पाई गई है जो निम्नवत हैः–

1. प्रसव कक्ष का AC खराब है जिसे ठिक कराने की जरूरत है।
2. Autoclave Register में Signolac tape लगभग एक महिने से नहीं लगाया जा रहा है, जिससे यह नहीं पता चल पा रहा है कि उपकरण की विसंक्रमण हो पाया है या नहीं। CSSD की Incharge तथा प्रसव कक्ष की Incharge से ज्ञात हुआ कि Signolac tape लगभग 15 दिनों से नहीं है, इसे अतिशीघ्र निवारण करें।
3. प्रसव कक्ष के फ्रिज के फ्रिजर का ढ़क्कन टूटा है जिससे फ्रिज के तापमान चार्ट में गड़बड़ी आ रही है जो "लक्ष्य" कार्यक्रम के मानक अनुसार सही नहीं है। इसे अनिवार्य रूप से ठिक करायें।
4. लगभग तीन महीने से कमजोर नवजात शिशु का Follow-up नहीं किया जा रहा है। प्रसव कक्ष प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंहा के द्वारा बताया गया कि WNB Register लगभग तीन महीने से नहीं है।
5. प्रसव कक्ष में ANM छात्राओं द्वारा BMW का सही से पृथक्कलन नही हो रहा है, जिसे CARE द्वारा प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें।
6. कायाकल्प कार्यक्रम के मानक के अनुसार अस्पताल परिसर में जल जमाव नही होना चाहिए, अस्पताल परिसर में नाली निर्माण अति आवश्यक है ताकि मरीजों तथा परिजनों को आने–जाने में परेशानी ना हो।
7. अनुश्रवण के दौरान ज्ञात हुआ है कि चिकित्सक अपने Roster Duty के अनुसार अपने कर्त्तव्य का पालन नही कर रही है, जिससे मरीजों के ईलाज में कठिनाईयाँ आ रही है साथ ही LAMA Rate भी बढ़ रहा है। इसे अपने स्तर से अनिवार्य रूप से कारवाई किया जाए।
8. प्रसव कक्ष के पिछे शौचालय टंकी से निरंतर संक्रामक पानी का स्त्राव होता है जो संक्रमण रोगों का घातक वाहक है, जिसका प्रबंधन नितान्त आवश्यक है।

उपरोक्त कमियों को दूर किया जाना अति आवश्यक है।

अतः आपको निदेशित है कि उपरोक्त कमियों को एक सप्ताह के अन्दर दूर करना सुनिश्चित करें। साथ ही कमियों को दूर करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित करें, ताकि अपने अस्पताल को लक्ष्य तथा कायाकल्प कार्यक्रम के मानक अनुसार बनाए रखना है साथ ही अस्पताल आये माताओं एवं बच्चों को संक्रमण रहित घर भेजा जा सके।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 29-07-22 | 29.07.22 | 29/07/22 |
| जिला सलाहकार (QA)<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। | सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। |

बिहार सरकार

# जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण

## DISTRICT HEALTH SOCIETY, EAST CHAMPARAN

सदर अस्पताल, परिसर, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी – 845401

Telephone No. - 06252-240650, Email.- dhschamparane@gmail.com


पत्रांक 739/DHS दिनांक 30-7-22

ज्ञापांक 739/DHS मोतिहारी, दिनांक 30-7-22

प्रतिलिपिः–केयर इंडिया, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (QA), राज्य स्वास्थ्य समिति, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सूचनार्थ प्रेषित

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| 29-07-22 | 29.07.22 | 29/07/22 |
| जिला सलाहकार (QA)<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। | सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव<br>जिला स्वास्थ्य समिति<br>पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। |